भाग दो - खण्ड दो

मध्यप्रदेश तेन्दू पत्ता (व्यापार विनियमन)

नियमावली, 1966

मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग भोपाल की अधिसूना क्र. 1724-दस-66 दिनांक 14-2-1966 (म.प्र. राज्यपत्र, (असाधारण) दिनांक 14-2-66 पृष्ठ 499-527) मध्यप्रदेश तेन्दू पत्ता (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1964 (क्र. 29, वर्ष 1964) की उपधारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम जो कि उक्त धारा की उपधारा (1) द्वारा आपेक्षित किये गये अनुसार पूर्व में प्रकाशित किये जा चुके हैं, बनाता है, अर्थात् -

नियम

1. संक्षप्त नाम तथा प्रारम्भ - ये नियम मध्य प्रदेश तेन्दू पत्ता (व्यापार विनियमन) नियमावली, 1966 कहलावेंगे।

2. परिभाषायें - उन नियमों में, जब तक प्रसंग से अन्यथा अपेक्षित न हो -

(1) ''अधिनियम'' से तात्पर्य मध्य प्रदेश तेन्दू पत्ता (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1964 है।

[1](2) लुप्त।

[1](3) लुप्त।

(4) ''खण्डीय वन पदाधिकारी'' से तात्पर्य उस वन पदाधिकारी से है जो वन खण्ड का प्रभारी हो। (वन मण्डलाधिकारी)

[1](5) लुप्त।

(6) ''प्रारूप'' (Forms) से तात्पर्य इन नियमों से संलग्न प्रारूप से है।

(7) ''क्रेता'' (Purchaser) से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति या पक्ष से हैं, जिसे ऐसी रीति में, जिसका कि राज्य शासन धारा 12 के अधीन निर्देश दे, तेन्दू पत्ते बेचे गये हों।

(8) ''धारा से तात्पर्य अधिनियम की धारा से है।

(9) ''मानक बोरा'' (Standard bag) से तात्पर्य ऐसे बोरे से है जिसमें पत्तो ंकी 1000 मानक गड्डियां हों, और जहां मानक गड्डियां बोरे में भरी जाती हों, वहां मानक बोरा के संदर्भ में 1000 गड्डियां सन्दर्भ के रूप में लगाया जायेगा।

(10) ''मानक गड्डी'' से तात्पर्य ऐसी गड्डी से है जिसमें 50 तेन्दू पत्त हों।

(11) ''परिवहन अनुज्ञा पत्र'' से तात्पर्य तेन्दू पत्तों के परिवहन के लिये धारा 5 की उपधारा (2र खण्ड (ख) के अधीन जारी किये गये अनुज्ञा पत्र से है।

(12) उन समस्त अन्य शब्दों एवं अभिव्यक्तियों (Expressions) का, जो इन नियमों में प्रयोग में लाई गई हों, किन्तु उसमें परिभाषित न की गई हों, क्रमश वही तात्पर्य होगा जो कि उनके लिये अधिनियम में दिया हो।

[2]3 अभिकर्ता की नियुक्ति - विलोपित 2

---

1. नियम 2 के उपनियम (2), (3), (5) अधि. क्र. एफ. 26.2.2002 दस-3 दिनांक 6.1.09 द्वारा लुप्त।

2. म.प्र. शासन, वन विभाग अधि. क्र. 18-2-8-द-खखख दि. 29-11-88 (जो म.प्र. राजपत्र (असाधारण) दिनांक 30-11-88 पृष्ठ 2371 पर प्रकाशित) के द्वारा नियम 3 विलोपित।

4. परिवहन अनुज्ञा पत्रः (1) परिवहन अनुज्ञा पत्र निम्न चार प्रकार के होंगे और ऐसे अधिकारियों अथवा व्यक्तियों द्वारा दिये जायेंगे जो उनके सामने वर्णित हैं।

अनु.	परिवहन अनुज्ञा-पत्र के प्रकार	अनुज्ञा-पत्र जारी करने वाला अधिकारी
	(1)	(2)
I.	तेन्दू पत्ते के संग्रह केन्द्र (फड़) से गोदामों में परिवहन के लिये - (क) मुख्य अनुज्ञा पत्र टी. पी. I मुख्य (ख) सहायक अनुज्ञा पत्र (टी.पी. I) सहायक)।	खण्डीय वन प्रधिकारी (वन मण्डलाधिकारी) या उनके द्वारा लिखित में अधिकृत कोई अन्य अधिकारी।
II.	एक संग्रहागार से दूसरे संग्रहागार तथा अथवा वितरण केन्द्रों तक परिवहन हेतु (प.अ.) (T.P. 2.)	खण्डीय वन पदाधिकारी (वन मण्डलाधिकारी) या उसके द्वारा लिखित में प्राधिकृत कोई अधिकारी या व्यक्ति, निश्चित मात्रा तथा अवधि तक।
III.	वितरण केन्द्रों से सट्टेदारों या मजदूरों तक परिवहन के लिये अधिसूचना क्र. 18.1.73 दस 3(1) राजपत्र में दिनाक 5.9.75 को प्रकाशित द्वारा संशोधित।	खण्डीय वन पदाधिकारी (वन मण्डलाधिकारी) अथवा उसके द्वारा लिखित में प्राधिकृत कोई व्यक्ति (प्रत्येक परिवहन) (Consignment) में अधिकतम मात्रा की सीमा वन मण्डलाधिकारी द्वारा निर्धारित की जावेगी।
IV.	राज्य के बाहर परिवहन के लिए (क) मुख्य अनुज्ञा पत्र- फार्म परि. अनुज्ञा. 4 (मुख्य) T.P. 4(main) (ख) सहायक अनुज्ञा पत्र-फार्म परि. अनुज्ञा. 4 (सहा. (T.P. 4 Subsidiary)	खण्डीय वन पदाधिकारी (वन मण्डलाधिकारी) (Divisional Forest Officer) [1]या उनके द्वारा लिखित में अधिकृत अन्य अधिकारी सहायक खंडीय वन पदाधिकारी (Sub-Divisional Officer) या खण्डीय वन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी या व्यक्ति

परन्तु खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer), यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण हो कि उनके द्वारा परिवहन अनुज्ञा-पत्र जारी किये जाने के लिये प्राधिकृत अधिकारी या व्यक्ति योग्य नहीं है, तो वह ऐसा अधिकार तुरन्त रद्द कर देगा।

4. (2) ऊपर बताये गये किसी भी प्रकार के परिवहन अनुज्ञा पत्र को जारी करने के लिए आवेदन पत्र प्रारूप 'घ' में होगा और खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer) को प्रस्तुत किया जायेगा जो कि अनुज्ञा-पत्र स्वीकृत करेगा अथवा अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिये किसी अन्य अधिकारी या व्यक्ति को प्राधिकृत करेगा।

परन्तु खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer) यदि उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि पत्ते, जिसके सम्बन्ध में आवेदन दिया गया है, शासन द्वारा उसके पदाधिकारी अथवा अभिकर्ता के क्रय नहीं किये गये हैं तो आवेदन को परिस्थितियों के अनुसार, जैसा उचित हो, सुनवाई का अवसर देते हुए, लिखित में आदेश देकर, ऐसे आवेदन पत्र को ऐसी अस्वीकृति का कारण दर्शाते हुए अस्वीकृत कर सकेगा।

4. (3) समस्त प्रकार के परिवहन अनुज्ञा पत्र निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे -

(क) तेन्दू पत्तों के प्रत्येक भार (Consignment) के सड़क, रेल, जल तथा हवाई, किसी भी परिवहन साधन में ले जाते समय, सम्बन्धित प्रकार का परिवहन अनुज्ञा पत्र उसके साथ होगा।

(ख) पत्तों का परिवहन केवल उस मार्ग द्वारा की किया जायेगा, जो कि अनुज्ञा-पत्र में उल्लिखित हो और जांच पड़ताल के लिये उन्हें ऐसे स्थान या स्थानों पर पेश किया जायेगा जो कि उसमें उल्लिखित किये जावें।

(ग) खण्डीय वन पदाधिकारी या इस सम्बन्ध में उसके द्वारा प्राधिकृत किये गये पदाधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना सूर्यास्त के पश्चात् तथा सूर्योदय के पूर्व किसी भी समय परिवहन नहीं किया जायेगा।

(घ) अनुज्ञा-पत्र ऐसी कालावधि के लिये मान्य होगा जो कि उसमें उल्लिखित की जाये।

(ङ) परिवहन अनुज्ञा-पत्र, खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer) द्वारा रद्द किये जाने के योग्य होगा, यदि यह विश्वास करने का कारण है, कि उसका दुरुपयोग किया गया है या दुरुपयोग किये जाने की समभावना है।

(च) समस्त परिवहन अनुज्ञा-पत्र, तेन्दू पत्तों के परिवहन के पश्चात् अथवा उसमें दर्शाई कालावधि व्यतीत होने के पश्चात् जो भी पूर्ववर्ती हो, समीपस्थ खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer) अथवा परिक्षेत्र अधिकारी (Range Officer) को, एक पखवाड़े के भीतर वापस कर दिये जायेंगे।

[1]5. तेन्दू पत्ता उत्पादकों से तेंदू पत्ता क्रय किये जाने हेतु दर निर्धारण की प्रक्रिया: राज्य सरकार, नियम 7 के उपबन्धों के अधीन, तेन्दू पत्ते की भिन्न-भिन्न इकाइयों या क्षेत्रीय वन मण्डल में पूर्व में प्राप्त किये विक्रय मूल्य तथा प्रचलित परिवर्तनीय बाजार की दरों को ध्यान में रखते हुए तेन्दू पत्ते के लिए क्रय दर का निर्धारण करेगी।

(2) मंत्रणा समिति उस सम्भाग के राजस्व आयुक्त के मुख्यालय में अपना अधिवेशन करेगी, जिसके लिये वह गठित की गई है।

(3) समिति के प्रत्येक अधिवेशन की अध्यक्षता सभापति द्वारा तथा उसकी अनुपस्थिति में संयोजक द्वारा की जायेगी। यदि सभापति एवं संयोजक दोनों ही अनुपस्थित हों, तो उपस्थित सदस्यगण किसी एक उपस्थित सदस्य को सभापति चुनकर अधिवेशन करेंगे।

(4) समिति का संयोजक, अधिवेशन के दिनांक, समय और स्थान को निश्चित करेगा और समिति के सदस्यों द्वारा सूचना प्राप्त होने कि अभीस्वीकृति अभिलेख में रखी जायेगी।

(5) समिति की चार सदस्यों से गणपूर्ति (quorum) होगी।

(6) समिति का कार्य विवरण हिन्दी, में देवनागरी लिपि में इस प्रकार तैयार किया जायेगा कि जिससे उचित तथा युक्तियुक्त मूल्य के सम्बन्ध में, जिस पर कि राज्य शासन को छोड़कर अन्य उगाने वालों से तेन्दू पत्ते क्रय किये जा सकेंगे, समिति की सिफारिशें तथा ऐसे मामलों पर जो कि राज्य शासन द्वारा उनको निर्दिष्ट किये जायें, उसकी सलाह भी स्पष्ट रूप से प्रगट हो जायें।

---

1. म.प्र. शासन अधि. क्र. एफ. 26-2-2002-दस-3 दिनांक 6.1.09 से धारा (5) प्रस्थापित।

(7) बैठक की कार्यवाही (Proceedings), अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति द्वारा अनुमोदित की जायेंगी, और उसका अनुमोदन, समिति की सिफारिशों की प्रामाणिकता (Approved) का अन्तिम प्रमाण माना जायेगा।

(8) समिति की सलाह, राज्य शासन को अधिवेशन की कार्यवाही (Conveyed) के द्वारा संसूचित की जायेगी, जो इस प्रकार भेजी जायेगी कि वह सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग को, 15, दिसम्बर तक, या पूर्वोत्तर दिनांक तक, जिसे कि शासन किसी विशिष्ट वर्ष के लिए नियुक्त करे, पहुंच सके। तथापि राज्य शासन, किसी विशेष मामले में किसी समिति को धारा 7 के उपबन्धों के अनुसार, और समय अनुज्ञात कर सकेगा किन्तु इस हेतु (समय के लिए) समिति की ओर से, संयोजक , द्वारा, प्रार्थना-पत्र, पर्याप्त समय पूर्व शासन को प्रस्तुत करना चाहिये।

(9) धारा 7 के अधीन निश्चित मूल्य हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों में ही राजपत्र में तथा यदि आवश्यक समझा जाये तो सम्बन्धित आयुक्त सम्भागों में परिचालित, ऐसे समाचार-पत्रों में जिन्हें सम्बन्धित वन संरक्षक, निश्चित करे, प्रकाशित किये जायेंगे।

(10) (i) समिति के उन अशासकीय सदस्यों को छोड़कर, जो कि मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य हों, अन्य सदस्य, को ऐसी यात्रा तथा दैनिक भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे, जो कि राज्य शासन के प्रथम ग्रेड (First Grade) पदाधिकारियों के लिये देय होते हैं।

(10) (ii) यात्रा भत्ते के बिल संयोजक को प्रस्तुत किये जायेंगे जो उनका सूक्ष्म परीक्षण (Scruitiny) कर प्रति हस्ताक्षरित (Dougntersing) करेगा तथा उन भत्तों को संवितरित (Disburse) करेगा।

6. उगाने वालों का रजिस्ट्रीकरण-

(1) राज्य शासन के छोड़कर, तेन्दू पत्तों का प्रत्येक उगाने वाला, यदि यह सम्भावना हो कि वर्ष के दौरान उसके द्वारा उगाये गये पत्तों का परिमाण, एक मानक बोरे से अधिक हो जायेगा, स्वयं को धारा 10 के अधीन रजिस्ट्रीकृत करा लेगा।

(2) उगाने वाले के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिये आवेदन प्रारूप (ड) में होगा तथा उस परिक्षेत्र अधिकारी (Range Officer) के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा, जिसके क्षेत्राधिकार के भीतर, उगाने वाले की वह भूमि स्थित हो जिस पर तेन्दू पत्ता उगते हों। परिक्षेत्र अधिकारी, सम्यक सत्यापन (Due verification) के पश्चात आवेदन पत्र उसकी प्राप्ति के तीस दिवस के अंदर खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer) को अग्रेषित करेगा जो ऐसी जांच के पश्चात् जैसी कि वह उचित समझे, प्रारूप 'च' में प्रमाण-पत्र देगा या आवेदन पत्र को उसके लिये कारण लिखकर नामन्जूर करेगा।

(3) एक बार जारी किया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र, उस समय तक वैध रहेगा, जब तक कि खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer) द्वारा लिखित में कारण बताते हुए उसे रद्द अथवा संशोधित नहीं किया जाता, अथवा जब तक आवेदक के पास ऐसी भूमि है, जिसके लिये कि प्रमाण-पत्र लिया गया है, जो भी पूर्ववर्ती हो।

(4) यदि प्रमाण-पत्र गुम हो जाता है, अथवा विकृत हो जाता है, तो प्रत्येक प्रमाण-पत्र के लिए एक रुपये की देनगी पर, उसकी प्रमाणिक प्रतिलिपि खण्डीय वन पदाधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

(5) उपरोक्त प्रमाण-पत्र, विक्रय के लिये, तेन्दू पत्तों का परिदान किये जाते समय संग्रहण केन्द्र (फड़) प्रस्तुत किया जायेगा, और उगाने वालों के पत्तों के क्रय के लिये प्राधिकृत व्यक्ति, उसके द्वारा क्रय की गई मात्रा को लेखबद्ध करेगा।

(6) यदि शासन द्वारा अपेक्षित किया जाये तो, तेन्दू पत्तों को उगाने वाला प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्रधारी, प्रत्येक वर्ष की 15 जुलाई को, खण्डीय वन पदाधिकारी (Divisional Forest Officer) या उससे वरिष्ठ किसी अन्य वन पदाधिकारी द्वारा विहित प्रारूप में, 30 जून को समाप्त होने वाले वर्ष में उसके द्वारा एकत्रित एवं निवर्तित किये गये तेन्दू पत्तों का मानक बोरों में लेखा प्रस्तुत करेगा। उपरोक्त लेखाओं को उल्लिखित दिनांक तक प्रस्तुत न करने पर समझा जायेगा कि रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द हो गया है।

7. अस्वीकृत तेन्दू पत्तों के बारे में जांच की प्रक्रिया -

(1) धारा 9 की उपधारा (2) के अधीन शिकायत प्राप्त होने पर जांच करने वाला अधिकारी, यथा-सम्भव शीघ्र, सम्बन्धित पक्ष या पक्षों को जांच करने के लिए नियत स्थान, दिनांक तथा समय सूचित (Intimate) करेगा।

(2) नियत दिनांक पर, या किसी ऐसे पश्चात्वर्ती दिनांक पर, जिस पर कि स्थगित (Ad-journed) जांच की जावे, ऐसा पदाधिकारी, उन पक्षों को या उनके द्वारा सम्यकरूपेण प्राधिकृत किये गये प्रतिनिधियों (Representative) की, जो कि उसके सामने उपस्थित (Appear) हों, सुनवाई पश्चात् तथा ऐसी जांच के पश्चात् जिसे कि वह आवश्यक समझे, धारा 9 की उपधारा (3) या (4) के अनुसार ऐसा आदेश पारित करेगा जैसा कि वह उचित समझे।

(3) यदि पक्ष, या अनेक पक्ष (Parties), जैसी भी स्थिति हो, या तो स्वयं या अपने सम्यकरूपेण (Authorised), प्रतिनिधियों (Representative) द्वारा उपस्थित न हो, तो जांच अधिकारी ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, एकपक्षीय (Exparte) निर्णय लेगा।

परन्तु जांच अधिकारी का यह समाधान हो जावे कि पक्ष या पक्षों के उपस्थित न होने का पर्याप्त कारण था, तो वह ऐसी जांच और करने के पश्चात् जैसी कि वह उचित समझे, एकपक्षीय आदेश को निष्प्रभावी करते हुए यथोचित आदेश पारित कर सकेगा।

(4) यदि कोई प्रतिकार (Compensation) जिसके कि चुकाये जाने का आदेश जांच के परिणामस्वरूप दिया गया हो, या कोई भी संग्रहण व्यय, जिनके कि धारा 9 की उपधारा (4) के अधीन चुकाये जाने के लिये इस प्रकार आदेश दिया गया हो, सम्बन्धित पक्ष को आदेशों के संसूचित (Communation) किये जाने से एक मास के भीतर चुकाये जायेंगे।

नियम - 8 बीड़ी विनिर्माताओं/तेन्दू पत्ता निर्यातकों का रजिस्ट्रीकरण

[1]नियम 8(1) बीडियों का निर्माता और/या तेन्दूपत्ता का निर्यातक वार्षिक रजिस्ट्रीकरण फीस रु. 500/- का भुगतान करने के पश्चात् 1 वर्ष तथा रु. 2500/- को भुगतान एक बार कराकर 5 वर्ष के लिए तथा रजिस्ट्रीकरण फीस रु. 5000/- का भुगतान करने के पश्चात् 10 वर्ष के लिए भी किया जा सकेगा।

---

1. म.प्र. राजपत्र (असा. दिनांक 26.8.96 पृष्ठ 761 पर प्रकाशित। म.प्र. शासन वन विभाग की अधि. क्र. एफ 26-4-2005 दस-3 दि. 31-1-07 से धारा 8(1) संशोधित। जो राजपत्र भाग 4(ग) दि. 16.2.07 के पृष्ठ 37 पर प्रकाशित।

[1](2) धारा 11 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लए आवेदन-पत्र प्रारूप ''छ'' में होगा और वह उस खंडीय वन पदाधिकारी के समक्ष फाइल किया जाएगा जिसके कि अधिकारिता के भीतर बीड़ी निर्माता तथा / या तेन्दू पत्तों का निर्यातक रहता हो या उसके कारोबार का मुख्य स्थान स्थित हो। यदि निर्माता या निर्यातक राज्य के बाहर निवास करता हो, तो वह अपना आवेदन-पत्र, राज्य के भीतर किसी भी खंडीय वन पदाधिकारी को प्रस्तुत करेगा। आवेदनकर्ता वह/वे केलेण्डर वष्ज्त्र दर्शाएगा, जिसके लिए रजिस्ट्रीकरण अपेक्षित हो। रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम में जमा की जाएगी तथा इस साक्ष्य की प्रतिलिपि कि धनराशि जमा की गई है, रजिस्ट्रीकरण के आवेदन-पत्र के साथ संलग्न की जाएगी।

खंडीय वन पदाधिकारी, ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह आवश्यक समझे, प्रारूप ''ज'' में रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान कर सकेगा या उस बाबत कारण अभिलिखित करने के पश्चात् आवेदन-पत्र रद्द कर सकेगा।

1(3) रजिस्टथ्ीकरण उतने वर्षों के लिये विधिमान्य होगा जितने वर्षों के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी किया गया है।''

(4) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत बीड़ी निर्माता तथा/या तेन्दू पत्तों का निर्यातक प्रारूप 'झ' में तेन्दू पत्तों के लेखाओं का रजिस्टर रखेगा। तथा वन क्षेत्रपाल से अनिम्न पदाधिकारी द्वारा जांच हेतु मांग किये जाने पर प्रस्तुत करेगा। वह अपने स्टाक की 31 मार्च, 30 जून, 30 सितम्बर व 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाली तिमाही की विवरणीय वन मण्डलाधिकारी को प्रति वर्ष प्रस्तुत करेगा।

(5) खण्डीय वन पदाधिकारी द्वारा उप-नियम (1) के अधीन मंजूर किये गये रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर प्रत्येक बीड़ी निर्माता तथा/या तेन्दू पत्ता के निर्यातक, प्रारूप 'ट' में एक घोषणा 31 मार्च तक, या एसे अन्य दिनांक तक जो कि शासन द्वारा उल्लिखित की जावे प्रस्तुत करेगा।

(6) यदि प्रमाण-पत्र गुम हो जावे या विकृत हो जावे,

तो ऐसे प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि खण्डीय वन अधिकारी के द्वारा प्रत्येक प्रमाण-पत्र के लिये पांच रुपये का भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगी।

(7) ऐसे बीडियों के निर्माता या /और ेन्दू पत्तों का निर्यातक का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र, जिसने कि अधिनियम, इन नियमों, या राज्य शासन के साथ किये गये करार की किन्हीं शर्तों का उल्लंघन किया हो, जिसके परिणामस्वरूप अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत दण्डित किया हो तो या उसके करारनामे को समाप्त कर दिया गया हो तो रजिस्ट्रेशन वन संरक्षक द्वारा रद्द किया जाने योग्य होगा और ऐसे बीड़ी निर्माता या/और तेन्दू पत्ता निर्यातक का रजिस्टथ्ीकरण ऐसी कालावधि के लिये, जो कि 3 वर्ष तक बढ़ायी जासकती है, अस्वीकृत किया जा सकेगा:

परन्तु यदि बीडियों का निर्माता बीडियों का निर्माता या/और तेन्दू पत्तों का निर्यातक उपरोक्त आदेश से असन्तुष्ट है, तो वह राज्य शासन को अपील कर सकेगा।

---

1. म.प्र. शासन, वन विभाग अधि. क्र. एफ-26-4-94 दस-3 दि. 24.8.96 द्वारा धारा 8 के पैरा 1, 2, 3 प्रतिस्थापित।

9. बिक्री प्रमाण-पत्र - शासन या उसका पदाधिकारी या अभिकर्ता, जो क्रेता के पत्तों का विक्रय या परिदान करता हो, उसे प्रारूप 'ठ' में विक्रय प्रमाण-पत्र मन्जूर करेगा। ऐसा कोई व्यक्ति जो धारा 12 के अधीन, शासन से पत्तों का क्रय करने का दावा करे उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह अपने दावे के समर्थन में विक्रय प्रमाण-पत्र पेश करे, जिसके पेश न करने पर दावा प्रतिग्रहीत नहीं किया जायेगा।

10. निरसन - मध्यप्रदेश तेन्दू पत्ता मंत्रणा समिति तथा मूल्य प्रकाशन नियम, 1964 और मध्य प्रदेश तेन्दू पत्ता (व्यापार विनियमन) नियमावली, 1965 एतद्द्वारा निरस्त की जाती है:

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमावलियों के अधीन की गई कोई भी बात या कार्यवाही इस नियमावली के की गई समझी जावेगी।

टिप्पणी - याचिकाकर्ता को तेन्दू पत्ते की खरीदी स्वीकृत हुई। तेन्दू पत्ते की खरीदी से सम्बन्धित इकरारनामे में इस बात का स्पष्ट उल्लेख था कि नवीकरण का आवेदन स्वीकृति या निरस्तीकरण के पूर्व वापस नहीं किया जा सकेगा तथा इन शर्तों के उल्लंघन की दशा में प्रतिभूति की राशि जप्त करने का प्रावधान था। याचिककर्ता ने आवेदन की स्वीकृति या निरस्तीकरण के पूर्व नवीनीकरण के आवेदन की वापसी हेतु सूचित किया। ऐसी स्थिति में प्रतिपूर्ति की राशि इकरारनामें की शर्तों के अनुसार जप्त की जा सकती है।

1प्रारूप क (विलोपित)

1 प्रारूप ख (विलोपित)

1 प्रारूप ग (1) विलोपित)

प्रारूप ग

क्रेता का करारनामा

(निविदा सूचना की शर्त 16 (क))

यह करार आज, दिनांक ..... मास..... सन् .....को प्रथम पक्ष के मार्फत कार्य करते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल (जिन्हें इसमें इसके आगे 'शासन' कहा गया है, जिस अभिव्यक्ति में उनके उत्तराधिकारी, प्रतिनिधि तथा अभिहस्तांकिती सम्मिलित होंगे) तथा द्वितीय पक्ष श्री ..... आत्मज .....ग्राम..... पुलिस थाना ..... जिला..... जिन्हें इसमें आगे क्रेता कहा गया है जिस अभिव्यक्ति में उनके दायाद, उत्तराधिकारी, प्रतिनिधि तथा अभिहस्तांकिती सम्मिलित होंगे) व्यक्ति के मध्य किया जाता है।

चूंकि तेन्दू पत्तों का व्यापार तेन्दू पत्ता (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1964 तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों द्वारा वियिमित होता है।

और चूंकि शासन इस प्रयोजन के लिये विभिन्न इकाईयों में क्रेताओं की नियुक्ति करने का इच्छुक है।

और चूंकि शासन ने इसमें इसके पश्चात् दिये हुए निबन्धनों तथा शर्तों पर क्रेता की पेशकश को प्रतिग्रहीत कर लिया और उसे व खण्ड में इकाई क्रमांक ..... में 31 जनवरी को समाप्त होने वाली अवधि के लिये क्रेता के रूप में नियुक्त करने के लिये रजामन्द हो गया है।

अब यह प्रलेख निम्नलिखित बातों का साक्षी है और सम्बन्धित पक्ष, पतद्द्वारा निम्नलिखित रूप से परस्पर करार करते हैं –

---

1. म.प्र. शासन, वन भिाग, अकिध. क्र. 18-2-8- दि. 29.11.88 से विलोपित।

(1) व खण्ड की इकाई क्रमांक ..... में जिसे अनुसूची 'क' में अधिक पूर्णता से वर्णित किया गया है (जो इसमें इसके आगे 'इकाई' रूप में निर्दिष्ट है) में उत्पादित शासकीय वन तथा भूमियों से उत्पन्न तेन्दूपत्ता का संग्रहण क्रेता करेगा। क्रेता द्वारा संग्रहण काल के दौरान इकाई की अनूसूची 'ख' में निर्धारित समस्त फड़ों पर तेन्दूपत्ता संग्रहण वन मण्डलाधिकारी के निर्देशों के अनुसार करेगा। यदि क्रेता द्वारा संग्रहण कार्य संतोषजनक रूप से करना नहीं पाया जाता तो वन मण्डलाधिकारी पत्ते का विभागीय संग्रहण कराकर पत्ते का परिदान वास्तविक पूर्ण संग्रहण व्यय की क्रेता द्वारा अदायगी करने पर क्रेता को देंगे जिसे क्रेता को लेना होगा। यदि क्रेता परिदान नहीं लेता है तो वन मण्डलाधिकारी पत्तों को बेंच सकेगा तथा अवशेष मूल्य की राशि क्रेता से वसूल की जायेगी।

इकाई के बाहर का तेन्दूपत्ता क्रेता संग्रहण नहीं करेगा। इसी इकाई के निजी उत्पादकों से शासन अथवा उसके पदाधिकारी या अभिकर्ता द्वारा क्रय किये गये पत्तों की सम्पूर्ण मात्रा जिसकी पेशकश की गई हो का परिदान लेगा।

(2) यह करार ..... से प्रारम्भ हेागा और दिनांक ..... तक प्रवृत्त रहेगा जब तक कि इस प्रकार के निबन्धनों तथा शर्तों के अनुसार पूर्व ही परिवसित न कर दिया जाये।

(3) इस करार के सम्बन्ध में यही और सदैव यही समझा जायेगा कि वह मध्यप्रदेश तेन्दूपत्ता (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1964 के और उसके अधीन बनाये गये नियमों के और उक्त अधिनियमों तथा नियमों के अधान समय-समय पर जारी किये गये आदेशों तथा अधिसूचना के तथा साथ ही मुख्य वन संरक्षक (उ.) की अधिसूचना क्रमांक ..... दिनांक ..... के अधीन जारी की गई निविदा सूचना के निबन्धनों तथा शर्तों के जो इस प्रकार करार के भाग होंगे और उसके भाग बने गये समझे जायेंगे और जिनका यह अर्थ लगाया जायेगा कि इस प्रलेख में विनिर्दिष्ट रूप से उपबन्धित है, उपबन्धों के अध्यधीन है।

(4) क्रेता एतद्द्वारा शासन के साथ निम्नानुसार अभिव्यक्ति रूपेण करार करता है -

(क) क्रेता शासन को, उसके शासकीय वनों तथा भूमियों से रूपये ..... प्रति मानक बोरा की दर से संग्रहण किये गये तेन्दूपत्तों की समस्त मात्रा एत्रा एवं शासन द्वारा यह उसके पदाधिकारी अभिकर्ता द्वारा दिनांक ..... को समाप्त होने वाली अवधि के दौरान हरे कच्चे बिना बोरे में भरे निजी उत्पादकों से क्रय कर राशि की अदायगी करेगा जिसमें सेल्स टैक्स, वन विकास उपकर तथा अन्य कर एवं संग्रहण व्यय शामिल नहीं है।

नोट - क्रेता उसको दी जाने वाली तथा उसके द्वारा संग्रहण की जाने वाली प्रति मानक गड्डी जिसमें बीड़ी बनाने योग्य ही 50 तेन्दूपत्ते होंगे में 5 पत्तों की कमी या बेशी बाबत कोई आपत्ति नहीं उठावेगा।

(ख) (एक) ऐसी तेन्दू पत्तों की मात्रा जो शासन द्वारा या उसके पदाधिकारी या अभिकर्ता द्वारा निजी उत्पादकों से क्रय की जावेगी, के सम्बन्ध के क्रेता इनमें इसके पश्चात् निम्नलिखित दी गई रीति में क्रय मूल्य की देनगी करने के पश्चात् तुरन्त ही पत्ती इकट्ठी होने के दिन से दो दिन के भीतर इकाई में संग्रह केन्द्र या केन्द्रों पर अनुसूची (ख) में वर्णित स्थानों पर जो खण्डीय वन पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर प्रज्ञापित की जाये, तेन्दू पत्ते का परिदान लेगा। उपरोक्त अभिप्राय के लिये खरीददार अग्रिम अदायगी करेगा, जिसका कि समायोजन अन्तिम हिसाब के समय में किया जायेगा।

(दो) उपरोक्त (ख) (एक) में वर्णित प्रयोजन के लिये क्रेता को प्रत्येक संग्रहण केन्द्र में एक प्रतिनिधि रखना होगा, जिससे पत्तों के संग्रहण करने की तिथि से, दो दिन के भीतर ही पत्तों का परिदान लेना होगा, इकाई में पत्तों का संग्रहण प्रारम्भ होने के पूर्व हस्ताक्षरों के नमूने सहित प्रतिनिधियों के नाम, खण्डीय वन पदाधिकारी को प्रेषित किये जायेंगे।

(तीन) यदि क्रेता इसके आगे उपबन्धित रीति से क्रय मूल्य का भुगतान करने तथा संग्रहण की तिथि से दो दिनों के भीतर पत्तों का परिदान लेने में असफल रहता है, तब खंडीय वन पदाधिकारी, ऐसे पत्तों की समस्त या आंशिक मात्रा का अपने स्वविवेक से -

(अ) क्रेता को परिदान अस्वीकृत करेगा।

(ब) किसी भी अन्य व्यक्ति को परिदान कर सकेगा।

(स) क्रेता को ही निगरानी खर्च बतौर रुपये 1.00 पति मानक बोरा अतिरिक्त धनराशि की वसूली करने के पश्चात् परिदान और/अथवा

(द) उल्लंघन के लिये करारनामें में उपबंधत कोई भी कार्यवाही कर सकता है। यदि यथास्थिति शासन, उसका पदाधिकारी या अभिकर्ता ऐसे पत्तों की, जो कि क्रेता को, बाद में परिदत्त किये जायें, की सुखाई तथा बोरों में भराई का कार्य करते हैं, तो खंडीय वन पदाधिकारी द्वारा, सुखाई तथा बोरों की कीमत सहित भराई का निश्चित खर्च का क्रेता भुगतान करेगा तथा उनका निर्णय अन्तिम तथा बन्धनकारी होगा।

(ग) यदि क्रेता नीचे वर्णित (घ) के उपबंधों के अनुसार उसके द्वारा शासकीय वन तथा भूमियों से संग्रहित पत्तों को एवं शासन उसके पदाधिकारी या अभिकर्ता द्वारा निजी उत्पादकों से क्रय कर उसे (क्रेता को) परिदान हेतु प्रस्तुत

पत्तों को अपने गोदाम में निरापद रखने के लिये इच्छुक नहीं होता तो वह उपरोक्त समस्त तेन्दूपत्तों की संग्रहण केन्द्रों से निकासी करने के पूर्व क्रय मूल्य का भुगतान नीचे निर्दिष्ट रीति से करेगा -

(एक) क्रेता को परिदान के लिये संभावित मात्रा के लिये अधोलिखित दरों से परिक्षेत्राधिकारी को अथवा वन मण्डलाधिकारी द्वारा अधिकृत किसी अन्य पदाधिकारी को परिदान के समय अथवा पूर्व नगद में भुगतान ऐसे पदाधिकारी से रसीद प्राप्त करके करना होगा।

मद	दर प्रति मानक बोरा
(1)	(2)

1. राज्य शासन को छोड़कर अन्य उगाने वालों से पत्ता खरीदी की दर ..... रुपये

2. शासकीय अभिकर्ता को देय हस्तन व्यय ..... रुपये

3. शासकीय अभिकर्ता को देय पारिश्रमिक ..... रुपये

(दो) क्रेता संग्रहण केन्द्रों से उपरोक्त समस्त तेन्दूपत्तों की निकासी करने से पूर्व क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट या काल डिपाजिट रसीद द्वारा पूर्ण मूल्य की शेष राशि का भुगतान करेगा।

(घ) यदि क्रेता उसके द्वारा शासकीय वन तथा भूमियों से संग्रहित एवं शासन, उसके पदाधिकारी या अभिकर्ता द्वारा निजी उत्पादकों से क्रय कर परिदान हेतु प्रस्तुत तेन्दू पत्तों की समस्त मात्रा को प्रदेश के भीतर गोदाम (मों) में खण्डीय वन पदाधिकारी द्वारा इस विशिष्ट उद्देश्य के लिये अनुमोदित कराके निरापद रखने के लिए लिखित में सहमत होता है। अथवा परिदत्त पत्ते वन विभाग से सम्बन्धित गोदाम (मों) में ऐसी शर्तों तथा निबन्धनों पर जैसे कि पारस्परिक सहमति द्वारा विनिश्चत किया जाये अथवा क्रेता परिदत्त पत्तों को प्रदेश के किसी अन्य वन खण्डों में स्थित अपने गोदाम (मों) से सम्बन्धित खण्डीय वन पदाधिकारी जिसके क्षेत्राधिकार में वह इकाई स्थित हो, से अनुमोदित कराके निरापद रखने के लिए लिखित रूप से सहमति देता है तथा जब तक गोदामों में रखे जाने, वाले पत्तों के बाबत सम्पूर्ण रकम जमा नहीं हो जाती, तब तक उसके पर्याप्त नियंत्रण के लिये एक फारेस्ट गार्ड के रखने में उस पर लगाने वाले समस्त निरीक्षण व्यय रुपये 456/- प्रतिमाह की दर से तथा इसमें समय-समय पर होने वाली वृद्धि सहित वहन करने एवं उस रकम को अग्रिम रूप से जमा करने की लिखित रूप से सहमति देता है तो वह नीचे निर्दिष्ट रीति से क्रय मूल्य का भुगतान करेगा -

(एक) क्रेता, शासन या उसके पदाधिकारी या अभिकर्ता द्वारा निजी उत्पादकों से क्रय कर परिदान हेतु प्रस्तुत किये गये तेन्दूत्त पत्तों की मात्रा के लिए अधोलिखित दरों से परिक्षेत्राधिकारी को अथवा वन मण्डलाधिकारी द्वारा अधिकृत किसी अन्य पदाधिकारी को परिदान के समय अथवा उसके पूर्व नगद में भुगतान करेगा, ऐसे पदाधिकारी से रसीद प्राप्त कर रखना होगा।

मद	दर प्रति मानक बोरा
(1)	(2)

1. राज्य शासन को छोड़कर अन्य उगाने वालों से पत्ता खरीदी की दर ..... रुपये

2. शासकीय अभिकर्ता को देय हस्तन व्यय ..... रुपये

3. शासकीय अभिकर्ता को देय पारिश्रमिक ..... रुपये

(दो) आंशिक क्रय मूल्य जो पूर्ण क्रय मूल्य का दस प्रतिशत होगा का भुगतान पन्द्रह मई, 1984 तक क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट्स या काल डिपाजिट रसीद द्वारा करेगा।

(तीन) शेष क्रय मूल्य का अनुमानत तीन बराबर किश्तों में क्रास्ड बैक ड्राफ्ट्स या काल डिपाजिट रसीद द्वारा भुगतान करेगा।

(2)	(3)
पहली किस्त	1 अक्टूबर
दूसरी किस्त	1 नवम्बर
तीसरी किस्त	1 दिसम्बर

जैसे ही क्रेता एक किस्त का भुगतान कर देता है, वह इस शर्त के उपबन्धों के अन्तर्गत गोदाम में रखे 1/3 भाग को पाने का हकदार बन जायेगा। यदि क्रेता द्वारा किसी किस्त का भुगतान आंशिक रूप से किया जाता है तो उसे भुगतान की गई रकम के मूल्य का तेन्दू पत्ता गोदाम से परिदान किया जायेगा।

(चार) यदि क्रेता उपरोक्त उपशर्त (ग) एवं (घ) (तीन) के स्थान पर बैंक गारंटी देने एवं पत्ता प्राप्त करने की सुविधा उठाना चाहता है, तो उसे इकाई की स्वीकृति क्रय राशि जिसमें समस्त कर शामिल है, के बराबर की राशि अनुसूचित बैंक की गारंटी उस फर्म में जो शासन द्वारा निर्धारित किया जायेगा तथा जिसकी अवधि 31 मार्च, 200..... तक होगी 15 जून..... तक सम्बन्धित वन मण्डलाधिकारी के नाम उनके कार्यालय में जमा करनी होगी। इस बैंक गारंटी के आधार पर क्रेता को उसके द्वारा संग्रहण किये गये तथा निजी उत्पादकों के शासन, उसके पदाधिकारी या अभिकर्ता से उपशर्त तिहाई भाग 2/3 परिवहन करने की अनुमति दी जा सकेगी, क्रेता द्वारा क्रय राशि जिसमें विक्रय कर, वन विकास उपकर एवं अन्य कर भी सम्मिलित होंगे, का भुगतान उपशर्त (तीन) में निर्धारित देय तिथियों को क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट या काल डिपाजिट रसीद द्वारा करना होगा।

प्रथम किस्त की देय तिथि को देय किस्त की भुगतान कर देने पर क्रेता को गोदाम में रखी शेष मात्रा मुक्त कर दी जायेगी, यदि क्रेता द्वारा देय तिथि/तिथियों को किस्तों का भुगतान नहीं किया जाता है, तो देय राशि की वसूली बैंक गारण्टी से की जायेगी। जब तक पत्ता गोदाम में रहेगा, गोदामीकरण से सम्बन्धित उपशर्त (2) एवं (3) क्रेता पर लागू होगी। क्रेता द्वारा क्रय राशि की बैंक गारंटी देने के बावजूद करारनामें की शर्त क्र. 4(घ) (1) (दो) के अनुसार 10 प्र.श. आंशिक क्रय की राशि 15 मई ..... तक जमा करना आवश्यक होगा।

(5) यदि क्रेता पूर्ण क्रय मूल्य की राशि के स्थान पर 45 प्रतिशत क्रय राशि (जिसमें समस्त कर शामिल हैं) की बैंक गारंटी 31 मार्च, 20..... तक की उपरोक्तानुसार प्रस्तुत करता है तो उसे गोदाम में रखे पत्तों का 1/3 भाग मुक्त किया जायेगा। प्रथम किस्त की देय तिथि को प्रथम किस्त का भुगतान क्रस्ड बैंक ड्राफ्ट या काल डिपाजिट रसीद द्वारा क्रय कर दिए जाने पर क्रेता को इसी बैंक गारंटी पर गोदाम में शेष बचे पत्तों की मात्रा में से आधी मात्रा (बराबर कुल संग्रहण की एक-तिहाई मात्रा) मुक्त कर दी जायेगी।

(6) दूसरी किस्त की देय तिथि को देय किस्त का भुगतान कर देने पर क्रेता की गोदाम में रखी अंतिम शेष मात्रा (बराबर) कुल उत्पादन के एक-तिहाई मात्रा को मुक्त कर दी, जायेगी, तीसरी किश्त की देय तिथि को किश्त का भुगतान क्रेता द्वारा किया जायेगा। यदि क्रेता द्वारा देय तिथि/तिथियों को भुगतान किस्तों का भुगतान नहीं किया जाता है तो देय राशि की वसूली बैंक गारंटी में से की जायेगी। पुनः आगामी किस्त के लिये इस सुविधा का लाभ उठाने के लिये क्रेता को नई बैंक गारंटी देनी होगी। क्रेता द्वारा उपरोक्तानुसार समस्त देय राशि का भुगतान कर दिये जाने पर पूर्ण क्रय मूल्य की बैंक गारंटी अथवा 45 प्रतिशत मूल्य की बैंक गारंटी को मुक्त कर दिया जोयगा, जब तक पत्ता गोदामों में रहेगा, गोदामीकरण से सम्बिधत उपशर्त (2) एवं (3) क्रेता पर लागू होगी। क्रेता द्वारा बैंक गारंटी देने के बावजूद करारनामें की शर्त (4) (घ) (1) (2) के अनुसार 10 प्र.श. आंशिक मूल्य की राशि 15 मई..... जमा करना आवश्यक हेागा।

(2) पत्ते क्रेता की अभिरक्षा, देख-रेख प्रयवेक्षण तथा जोखम पर, लेकिन खंडीय वन पदाधिकारी के नियंत्रण में रखे जायेंगे और इस शर्त पर कि गोदाम (मों) में विभागीय ताला लगाकर अथवा किसी ऐसी अन्य प्रक्रिया द्वारा जैसी कि खंडीय वन पदाधिकारी ने आदेशित की हो, खंडीय वन पदाधिकारी अथवा परिक्षेत्राधिकारी को अभिर्गमन तथा नियंत्रण रखने का पूर्ण अधिकार होगा।

(3) गोदाम पक्के होंगे तथा ऐसी धनराशि के बराबर के लिये बीमा शुदा होंगे जो कि क्रेता के ऊपर संभवतः बकाया होगी। बीमा की गई इस धन राशि के अतिरिक्त वह जहां वन विभाग की गोदाम/ (मों) किराये पर ली जाती है, उनका बीमा उनके निर्माण व्यय के बराबर की धनराशि का करायेगा। गोदाम में आग लगने एवं पत्तें जल जाने की दशा में करार अवधि में यदि बीमा कम्पनी द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो देय राशि, उस पर विक्रय कर, वन विकास उपकर एवं अन्य कर सहित भुगतान करने की जिम्मेदारी क्रेता की रहेगी। ऐसे प्रकरणों में देय राशि पर ब्याज भी क्रेता से वसूल किया जायेगा। बीमा कम्पनी द्वारा किये गये भुगतान एवं देय राशि में यदि कोई अन्तर होगा तो वसूल किया जायेगा। बीमा कम्पनी द्वारा किये गये भुगतान एवं देय राशि में यदि कोई अन्तर होगा तो उसके भुगतान की जिम्मेदारी भी क्रेता की होगी अर्थात् अन्तर की राशि क्रेता द्वारा पटायी जायेगी।

(4) ऐसी किस्त या किस्तों के सम्बन्ध में जो उपर्युक्त उपखण्ड (दो) एवं (तीन) में वर्णित नियत दिनांक या दिनांकों को न चुकायी जाय। 16 प्रतिशत की दर से ब्याज फारेस्ट कांट्रैक्ट रूपल्स में दी गई रीति में वसूल किया जोयगा।

(ङ) (1) उपर्युक्त उपखण्ड (ग) तथा (घ) के अधीन देय रकम के अतिरिक्त यथास्थिति मध्यप्रदेश जनरल सेल्स टैक्स एक्ट, 1958 (मध्य प्रदेश सामान्य विक्रय कर अधिनियम, 1958 (क्र. 2 सन् 1959) और सेन्ट्रल सेल्स टैक्स एक्ट, 1956) (केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956) के उपबन्धों के अनुसार वन विभाग द्वारा देय विक्रय कर मध्य प्रदेश कराधान अधिनियम (15/1982) के अन्तर्गत लगाया गया वन विकास उपकर तथा अन्य कर उपर्युक्त उपखण्ड (ग) और या (घ) के अधीन देय मूल्य दिये जाने के समय क्रेता द्वारा चुकाया जायेगा।

(2) उपखण्ड (ग) और (घ) के अधीन शोध्य रकम या किस्त जैसी भी कि दशा में तब तक चुकाई गई नहीं समझी जायेगी तब तक कि उसके साथ देय विक्रय कर मध्यप्रदेश कराधान अधिनियम (15/1982) के अन्तर्गत लगाया गया वन विकास उपकर तथा अन्य कर (देखिये उपखण्ड (ङ) (1)) भी पूर्णतः न चुका दिया गया हो।

(3) क्रेता पश्चातवर्ती दायित्वों के लिये भी यदि कोई हो जिसमें कि इस करार के अधीन इसके बेंचे गये तेन्दू पत्तों के सम्बन्ध में राज्य शासन के विक्रय कर विभाग या केन्द्रीय सरकार या वन विभाग द्वारा विक्रय कर मध्य प्रदेश कराधान अधिनियम (15/1982) के अन्तर्गत लगाया गया वन विकास उपकर तथा अन्य कर के मद्धे अधिरोपित की गयी धनराशियों की देनगी सम्मिलित है, उत्तरदायी होगा।

(च) शासन या उसका पदाधिकारी या अभिकर्ता क्रेता को पत्तों के परिदान के पश्चात् मध्य प्रदेश तेन्दूपत्ता (व्यापार विनियमन) नियमावली, 1966 के प्रारूप 'ठ' में उसका विक्रय का प्रमाण-पत्र मंजूर करेगा।

(छ) यदि पूर्वोक्त एवं निविदा सूचना में विनिर्दिष्ट परिदान तथा क्रय की शर्तों का पूर्णतः पालन/परिपालन नहीं किया जाता है तो पत्तों को परिदत्त तथा क्रय किया गया नहीं समझा जायेगा।

